बच्चों और युवाओं को लाने/ले जाने के लिए दिशा-निर्देश

परिचय

खेल संगठन और क्लब बच्चों और युवा लोगों को प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और आयोजनों में लाने और वहाँ से ले जाने के लिए माता-पिता और कई स्वयंसेवकों की सद्भावना पर निर्भर करते हैं।

क्लबों और खेल प्रशासकों के लिए उचित और सुरक्षित यात्रा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माता-पिता से जिम्मेदारी की अपेक्षा रखना उचित है। लेकिन समय-समय पर, बच्चों और युवा लोगों को प्रशिक्षण और आयोजनों से लाने और ले जाने के लिए अन्य माता-पिता, कोच या खेल प्रशासकों की मदद और समर्थन की आवश्यकता हो सकती है।

उचित परिस्थितियों में आपको अपने निजी वाहन या बस में बच्चे या युवा व्यक्ति के साथ यात्रा करने अथवा उन्हें लाने/ले जाने की आवश्यकता हो सकती है।

यदि कोई क्लब, कोच या खेल प्रशासक बच्चों और युवा लोगों के लिए परिवहन का आयोजन कर रहा है, तो यह आयोजक की जिम्मेदारी है कि वह इन बच्चों और युवाओं की सुरक्षा के लिए समुचित कदम उठाए, क्योंकि उनके प्रति उसका देखभाल का कर्तव्य होता है।

इस दिशा-निर्देश का उद्देश्य क्लबों, संगठनों और माता-पिता/देखभालकर्ताओं को बच्चों व युवाओं के लिए परिवहन प्रदान करते समय उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी देना है।

क्लबों और संगठनों के लिए महत्वपूर्ण विचार करने योग्य बातें:

यदि आपको किसी बच्चे, बच्चों और/या युवा लोगों को लाने/ले जाने की आवश्यकता है, तो उनके लिए नुकसान के खतरे को कम से कम करने के उद्देश्य से निम्नलिखित सुरक्षा उपायों पर विचार करें:

- क्या माता-पिता/देखभालकर्ताओं को बच्चों और युवा व्यक्ति के परिवहन के लिए इस दिशा-निर्देश के बारे में अवगत कराया गया है?
- क्या माता-पिता/देखभालकर्ताओं ने परिवहन व्यवस्थाओं के लिए सहमति व्यक्त की है, जिसमें चालक के विवरणों के साथ यह भी शामिल है कि परिवहन की आवश्यकता क्यों हैं और यात्रा में कितना समय लगेगा अथवा क्या यह व्यवस्था अर्ध-नियमित आधार पर है?
- क्या माता-पिता/देखभालकर्ताओं ने यात्रा अनुमोदन फार्म पर हस्ताक्षर किए हैं?
- ड्राइवर की उपयुक्तता स्थापित करें - क्या उनके पास बच्चों के साथ काम करने के लिए जांच (वर्किंग विद चिल्ड्रन चेक) (या इसके समकक्ष कोई अन्य जांच) है?
- पहचाने गए बच्चे के अलावा क्या वाहन में कोई अन्य व्यक्ति भी यात्रा करेगा, उदाहरण के लिए, कोई अन्य वयस्क या कोई अन्य बच्चा या युवा व्यक्ति?
- बच्चों और/या युवा व्यक्ति को लाने/ले जाने से पहले यह सुनिश्चित करें कि ड्राइवर के पास एक वैध ड्राइवर्स लाइसेंस तथा कार बीमा है और कार रोड़ वर्दी (सड़क-योग्य) है।
- सुरक्षा उपाय के रूप में जहां संभव हो, कार में एक से अधिक बच्चे या किसी अन्य जिम्मेदार वयस्क को रखने की कोशिश करें।
- नियमित आधार पर बच्चों का परिवहन किए जाने की स्थिति में सबसे पहले जिस बच्चे या युवा व्यक्ति को घर पर छोड़ा जाता है, उसकी बारी को बदलने, या जहां बच्चों के परिवहन के लिए एक से अधिक स्वयंसेवक हैं, वहां ड्राइवर की बारी को बदलने के बारे में सोचना विचारयोग्य हो सकता है।

- वयस्क द्वारा बच्चे या युवा व्यक्ति के साथ अकेले बिताए जाने वाले समय को कम से कम करने की कोशिश करें।
- यह सुनिश्चित करें कि चालक के पास माता-पिता/देखभालकर्ताओं के संपर्क विवरण हैं।
- यह सुनिश्चित करें कि बच्चे और युवा लोग निर्धारित चालक के साथ यात्रा करने में सहज हैं और वे यात्रा की व्यवस्थाओं को समझते हैं।
- यह सुनिश्चित करें कि बच्चे और युवा लोग हमेशा सीटबेल्ट पहनें और पीछे की सीट पर बैठें।

परिवहन केवल तभी किया जाना चाहिए जब माता-पिता या देखभालकर्ता की सहमति हो और जब फुटबॉल या अंपायरिंग में किसी अन्य व्यक्ति (प्राधिकृत क्लब सदस्य, प्रबंधक, जूनियर फुटबॉल समन्वयक) को टेक्स्ट/ईमेल से सूचित किया गया हो।

जहां संभव हो, बच्चों और युवा लोगों के परिवहन के लिए पहले से ही यात्रा अनुमोदन फॉर्म पर हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

यदि अंतिम समय में आपातस्थिति हो, तो यह सुनिश्चित करें कि आप माता-पिता या देखभालकर्ता से संपर्क करके उनके घर से जाने तथा वापिस आने के समय की पुष्टि माता-पिता या देखभालकर्ता और उनके बच्चे, दोनों के साथ करते हैं।

माता-पिता/देखभालकर्ता:

कृपया इन दिशा-निर्देशों से परिचित बनें। जहां संभव हो, बच्चों और युवा लोगों के परिवहन के लिए पहले से ही यात्रा अनुमोदन फॉर्म पर हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। यदि यात्रा अनुमोदन फॉर्म को पूरा करने में सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया अपने स्थानीय क्लब या संगठन से संपर्क करें।

हम चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल में सभी बच्चे और युवा लोग
सुरक्षित रहें, सुरक्षित महसूस करें, सुरक्षित रूप से खेलें।